भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे

Indian Institute of Tropical Meteorology, Pune—411008

कार्यक्रम : एकल गीत-गायन प्रतियोगिता-2024

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में दिनांक 13 अगस्त, 2024 को देशभक्ति गीत पर आधारित **"एकल गीत-गायन प्रतियोगिता"** का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न परियोजना/विभाग/अनुभाग/एकक से कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि डॉ. सूर्यचंद्र राव, वैज्ञानिक-जी** थे। साथ ही इस अवसर पर संस्थान के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मिलिंद मुजुमदार और प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत प्रसाद पी. उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के सस्वर पाठ द्वारा किया गया। इसके बाद हिंदी अधिकारी, श्री हंस प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत जीवंत-पौधे से किया और "एकल गीत-गायन प्रतियोगिता" के निर्णायकों एवं प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी देते हुए **"राजभाषा उत्सव-2024"** के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली अन्य हिंदी प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी प्रदान की तथा मुख्य अतिथि की अनुमति से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात हमारे मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दी और कार्यक्रम में उपस्थित सभी राजभाषा प्रेमियों का स्वागत किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत प्रसाद पी. ने भी राजभाषा अनुभाग के इस अद्वितीय प्रयास की सराहना करते हुए संस्थान में इस दौरान आयोजित किए जाने वाले वेबिनार के बारे में भी अवगत कराया।

इस कार्यक्रम में मूल्यांकनकर्ता के रूप में डॉ. शिवसाई दीक्षित, वैज्ञानिक-एफ़, डॉ. मेधा देशपांडे, वैज्ञानिक-ई ने तथा मंच संचालन की भूमिका श्रीमती अंकिता सिंह, राजभाषा अनुभाग ने निभाई। कार्यक्रम के समग्र प्रबंधन में परियोजना/विभाग प्रमुखों, राजभाषा प्रतिनिधियों तथा राजभाषा अनुभाग से श्री दीपक पाण्डेय और श्रीमती आरती ईश्वर डुलगच ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंत में हमारे मूल्यांकनकर्ताओं ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और देशभक्ति गीत के माध्यम से अपनी बात को समाप्त किया। हिंदी अधिकारी श्री हंस प्रताप सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों एवं अन्य सहयोगियों तथा सभी अतिथियों और मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संस्थान के हिंदी अधिकारी श्री हंस प्रताप सिंह से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क सूत्र : 020-2590-4357 ई- मेल : hans.pratapsingh@tropmet.res.in